अति महत्वपूर्ण/विशेष ध्यानाकर्षण/द्वारा ई-मेल

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

टावर-1, चतुर्थ तल, सिग्नेचर बिल्डिंग, सेक्टर-7 गोमतीनगर विस्तार, लखनऊ।

संख्याःदस-51(पुलिस आरक्षी भर्ती-अक्टूबर-2018)2020 दिनांकः सितम्बर , 2020

## प्रेस नोट

**आरक्षी नागरिक पुलिस एवं आरक्षी पीएसी के पदों पर सीधी भर्ती-अक्टूबर-2018** के सापेक्ष चयनित अभ्यर्थियों में से आधारभूत प्रशिक्षण हेतु प्रथम चरण में आरक्षी नागरिक पुलिस हेतु 14,000 अभ्यर्थियों की चिकित्सा परीक्षा एवं चरित्र सत्यापन की कार्यवाही दिनांक 07.09.2020 से प्रारम्भ किये जाने हेतु पुलिस मुख्यालय के पत्र दिनॉक 29.08.2020 द्वारा समस्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक/प्रभारी जनपद उ0प्र0 को निर्देशित किया गया है।

2- उत्तर प्रदेश के चयनित अभ्यर्थियों का चिकित्सीय परीक्षण उनके गृह जनपदों में कराया जायेगा तथा ऐसे अभ्यर्थी जिनका गृह जनपद उत्तर प्रदेश न होकर अन्य राज्यों में हैं, वे चिकित्सा परीक्षा और चरित्र सत्यापन की कार्यवाही हेतु निम्न तालिका के अनुरूप सम्मलित होगें : -

| क0सं0 | अभ्यर्थी के स्थायी निवासी का राज्य | चिकित्सा परीक्षा एंव चरित्र सत्यापन हेतु निर्धारित जनपद |
|---|---|---|
| 1 | बिहार/झारखण्ड | जनपद वाराणसी, उत्तर प्रदेश |
| 2 | मध्य प्रदेश | जनपद झॉसी, उत्तर प्रदेश |
| 3 | छत्तीसगढ़ | जनपद प्रयागराज, उत्तर प्रदेश |
| 4 | राजस्थान | जनपद आगरा, उत्तर प्रदेश |
| 5 | दिल्ली/हरियाणा | जनपद मेरठ, उत्तर प्रदेश |
| 6 | पंजाब/हिमाचल प्रदेश/उत्तराखण्ड | जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश |
| 7 | उक्त के अतिरिक्त अन्य राज्यों के लिए | जनपद लखनऊ, उत्तर प्रदेश |

3- प्रदेश के समस्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक/प्रभारी जनपद उ0प्र0 द्वारा चिकित्सीय परीक्षण तिथि, समय एवं स्थान, सम्बन्धित जनपद के पुलिस लाइन के गेट/नोटिस बोर्ड पर चस्पा किया जायेगा। **चयनित अभ्यर्थी अपने साथ बुलावा पत्र एवं समस्त अभिलेख साथ लेकर नियत तिथि/समय पर उपस्थित होंगे।**

4- सभी पुलिस अधिकारी/कर्मचारी एवं अभ्यर्थियों से अनुरोध किया जा रहा है कि वर्तमान समय में **वैश्वविक महामारी "कोविड-19" के संक्रमण के सम्बन्ध में** केन्द्र सरकार/उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जारी आदेशों/निर्देशों का पूर्णतया अनुपालन करते हुए प्रकिया को सकुशल सम्पादित करायें।

**पुलिस अधीक्षक, कार्मिक**
उत्तर प्रदेश।

Scanned with CamScanner

परिशिष्ट—''ड'

## शपथ पत्र का प्रारूप

श्री/श्रीमती/कुमारी............................उम्र लगभग ...........वर्ष पुत्र/पुत्री/पति श्री ..........................
निवासी—ग्राम/मुहल्ला मकान संख्या .................. डाकघर.................. विकास खण्ड.................... थाना ............
तहसील .................................. जिला ..........................(पिन कोड..................) का **शपथ पत्र।**

मैं ............................. उपर्युक्त अभिसाक्षी शपथ पूर्वक निम्नलिखित बयान करता/करती हूँ:—

(1) यह कि मै उत्तर प्रदेश सरकार के पुलिस विभाग के आरक्षी नागरिक पुलिस के पद पर नियुक्ति हेतु जिला ............................ से एक अभ्यर्थी हूँ तथा मेरा अनुक्रमॉक ...................... है।

(2) यह कि मेरे विरूद्ध कोई आपराधिक मुकदमा/मामला मेरी जानकारी मे कभी पजीकृत नहीं हुआ है। और न ही कोई पुलिस विचचेना(**INVESTIGATION**) लम्बित है और न ही मेरे विरूद्ध कोई आपराधिक अभियोग न्यायालय में विचाराधीन है।

(3) यह कि मुझे किसी आपराधिक अभियोग में किसी सक्षम/दाण्डिक न्यायालय द्वारा सिद्धि दोष (**CONVICTION**) नहीं किया गया है।

(4) यह कि मै किसी राष्ट्र विरोधी राजनैतिक पार्टी का कभी भी सदस्य नहीं रहा है।

(5) यह कि मैं कभी भी किसी राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में संलिप्त नहीं रहा हूँ।

(6) यह कि मुझे कभी भी किसी आपराधिक मामले में गिरफ्तार नहीं किया गया है।

(7) यह कि कभी आपराधिक मामले में पुलिस ने चालान नहीं किया गया है।

(8) यह कि मै राज्य सरकार/भारत सरकार द्वारा उनकी सेवा से कभी भी बर्खास्त(**DISMISS**) नहीं किया गया है।

(9) यह कि आवेदन—पत्र में उल्लिखित यदि कोई बात गलत पायी जाय अथवा किसी सत्य को छिपाया गया तो मुझे पुलिस आरक्षी के कोर्स में सम्मिलित नहीं होने दिया जाय/कोर्स से निकाल दिया जाये तथा विधिक दण्ड दिया जाये।

(10) यह कि मैंने कभी भी किसी विध्वंसक कार्य में भाग नहीं लिया है।

(11) यह कि आपराधिक मामले में जो मेरे विरूद्ध पंजीकृत हुआ है यां जिनमें मेरा चालान किया गया है या जो मेरे विरूद्ध विवेचनाधीन अथवा विचाराधीन अथवा दोषमुक्त किया गया है, उसका विवरण निम्नवत है:—(आवश्यकतानुसार शीट संलग्न करें)

(1)

(2)

(3)

(12) यह कि मेरे द्वारा शैक्षिक योग्यता एवं अन्य प्रमाण—पत्र जो ओ0एम0आर0 आवेदन पत्र के साथ प्रस्तुत किये गये हैं, सत्य हैं

(13) (क) यह कि मै अविवाहित/विधुर हूँ।
(ख) यह कि मै विवाहित हूँ तथा एक ही जीवित पत्नी है।
(ग) यह कि मै विवाहित हूँ तथा एक से अधिक जीवित पत्नियॉ है।

(14) यह कि यदि इस शपथ—पत्र(घोषण—पत्र) में अंकित तथ्य भविष्य में कभी भी गलत पाये जाये तो मुझे पुलिस आरक्षी के कोर्स/सेवा से तुरन्त पृथक कर दिया जाये एंव मेरे विरूद्ध आवश्यक कानूनी प्रकिया अमल में लायी जाय।

शपथकर्ता का निशान अंगूठा

शपथकर्ता

मै....................उपर्युक्त अभिसाक्षी, शपथ पूर्वक सत्यापित करता हूँ कि इस शपथ—पत्र के प्रस्तर .......... में उल्लिखित तथ्य मेरी व्यक्तिगत जानकारी तथा विश्वास में सत्य हैं। इस शपथ—पत्र के प्रस्तर ........... में उल्लिखित तथ्य सूचनाओं पर आधारित है तथा जिन्हें मैं विश्वास करता हूँ कि वे भी सत्य है। इसका अंश असत्य अथवा झूठा नहीं है। तथा कोई भी महत्वपूर्ण तथ्य छिपाया नहीं गया है। ईश्वर मेरी रक्षा करे।

अभिसाक्षी

आज दिनॉक ............................ को ................. पूर्वान्ह/अपरान्ह में सिविल कोर्ट जिला प्रांगण में अभिसाक्षी द्वारा सत्यापित किया गया।

अभिसाक्षी/शपथकर्ता



Scanned with CamScanner